प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

10.10.2023/प्रादेशिक समाचार बुलेटिन/रितेश/9:20बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एशियाई खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों की प्रशंसा करेंगे और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करेंगे। एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित भारत ने कुल 107 पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

क्रिकेट

आई.सी.सी. वर्ल्ड कप के तहत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज इंग्लैंड और बांग्लादेश के बीच मुकाबला होगा। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनकी टीम आगामी मैचों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की पिच गेंदबाज़ी के लिए अच्छी है और उनकी टीम बेहतर समन्वय के साथ मैदान में उतरेगी।

शूटिंग प्रतियोगिता

शिमला के न्यू कुफरी में 25वीं राष्ट्रीय कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के 2 हजार 500 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। 10 दिवसीय इस प्रतियोगिता में कल राइफल शूटिंग इवेंट के विजेताओं को युवा सेवाएं और खेल विभाग के निदेशक डॉ राजीव कुमार ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में अपना कैरियर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में शूटिंग जैसी प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से हिमाचल के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला में बीती रात हल्की बारिश जबकि कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा व धौलाधार की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। पहाड़ों पर हुए हिमपात व बारिश के चलते इन क्षेत्रों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे एकाएक ठंड बढ़ गई है। लाहौल स्पीति से हमारे संवाददाता कुंदन लाल

ने बताया कि घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ये इस मौसम की दूसरी बर्फबारी है जिससे ठंड काफी बढ़ गई है। बारालाचा दर्रे व पटसेउ इलाके में 6 इंच से अधिक बर्फबारी से मनाली लेह राजमार्ग पर दारचा से आगे वाहनों की आवाजाही बन्द हो गई है। वही कुंजुम व रोहतांग दर्रे पर भी करीब 4 इंच तक बर्फबारी हुई है। मौसम के इस मिजाज से घाटी के किसानों की चिन्ता बढ़ गई है क्योंकि अभी किसानों की आलू की फसल खेतों में ही है। कुल्लू से हमारे संवाददाता आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में बीती रात कुछ देर के लिए बारिश हुई जबकि मनाली व कुल्लू की ऊंची पहाड़ियों पर हल्का हिमपात हुआ है। हालांकि बीती रात बारिश व बर्फबारी के बाद आज मौसम साफ है और धूप खिलने से ठंड से थोड़ी राहत मिली है।

**और अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.......**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। शिक्षकों की भर्ती से जुड़ी खबर पर **अमर उजाला** का शीर्षक है **हिमाचल में 1 हजार 409 टी जी टी की होगी भर्ती। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **टी जी टी भर्ती में युवाओं को आयु सीमा में छूट। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **टी जी टी आर्टस के 420, नॉन मेडिकल के 306 और मेडिकल के 172 पद भरे जाएंगे। दिव्य हिमाचल** की सुर्खी है **बैचवाइज 1 हजार 400 टी जी टी की भर्ती शुरू। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार बैचवाइज भरे जाएंगे 8 सौ 98 टी जी टी शिक्षकों के खाली पद।**

क्रिकेट से जुड़ी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **धर्मशाला में इंग्लैंड को कड़ी चुनौती देगा बांग्लादेश। अमर उजाला** के शब्द हैं **धर्मशाला में मैच आज, आउटफील्ड पर उठे सवाल। दैनिक सवेरा टाइम्स** लिखता है **हिमाचल में वर्ल्ड कप मैचों से पर्यटन ने पकड़ी रफतार।**

**पांचों राज्यों में चुनाव जीतेगी कांग्रेस** शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है सीएम सुक्खू बोले पार्टी देगी बेहतर परफारमेंस।

**पंजाब केसरी** के शब्द हैं **दिल्ली से लौटने के बाद आज डी सी व एस पी के साथ बैठक करेंगे सुक्खू।**

**दैनिक भास्कर** ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है **प्रदेश में जहां एन जी ओ संचालित नशा मुक्ति केंद्र नहीं, सरकार बताए वहां क्या कदम उठाए जा रहे।**

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार**